# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी | कक्षा : छठी

| | |
|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम : झाँसी की रानी** | **समयावधि :** 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** ------------------------------------ | **पूर्णांक :** |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** .............. | **दिनांक :** ....../....../........ |

**निर्देश:-** **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्र. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प खोजकर लिखिए-**

इस स्वतंत्रता-महायज्ञ में कई वीरवर आए काम,
नाना धुंधुपन्त, ताँतिया, चतुर अजीमुल्ला सरनाम,
अहमद शाह मौलवी, ठाकुर कुँवरसिंह सैनिक अभिराम,
भारत के इतिहास-गगन में अमर रहेंगे जिनके नाम,
लेकिन आज जुर्म कहलाती,
उनकी जो कुरबानी थी।
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसीवाली रानी थी ॥

1 **इस काव्यांश में किन-किन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम दिए गए है?** 1

(क) अहमद शाह मौलवी, ठाकुर कुँवरसिंह
(ख) नाना धुंधुपन्त, ताँतिया,
(ग) चतुर अजीमुल्ला
(घ) उपर्युक्त सभी

2. **काव्यांश में प्रयुक्त 'गगन' शब्द का अर्थ होगा?** 1

(क) गागर (ख) धरती (ग) आकाश (घ) अमर

3. **काव्यांश में प्रयुक्त 'मर्दानी' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?** 1

(क) झाँसी की रानी के लिए
(ख) स्वतंत्रता सेनानियों के लिए
(ग) भारत देश के लिए
(घ) ब्रिटिश शासन के लिए

**4. किस स्वतंत्रता-महायज्ञ की बात कवयित्री ने इस काव्यांश में की है?** 1

(क)1857 का स्वतंत्रता संग्राम

(ख) भारत छोडो आन्दोलन

(ग) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(घ) स्वतंत्रता के लिए देश में किए जाने वाले यज्ञ

**5. काव्यांश में कौन-कौन-से विशेषण प्रयुक किए गए है?** 1

(क) चतुर, खूब

(ख) स्वतंत्रता, सैनिक

(ग) ठाकुर

(घ) बुंदेले

**(भाषा की बात आधारित प्रश्न)**

**6. पाठ में प्रयुक्त निम्नलिखित शब्दार्थों का मिलान कीजिए?** 1

| (खंड-क) | (खंड-ख) |
|---|---|
| **आज़ादी** | **ब्रिटिश** |
| **फिरंगी** | **तलवार** |
| **कृपाण** | **सुनसान** |
| **बिरानी** | **स्वतंत्रता** |

**7. नीचे दी गई वर्ग पहेली से समानार्थी शब्द ढूंढकर लिखिए**? 1

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मा | क | त्र | औ | ला | द |
| ल | ई | स | ख | ह | जं |
| कि | र | खी | ष | ल | ग |
| न | फ | ब | वि | वा | ह |
| प | श | क | इ | क्ष | अ |

(क) संतान ------------------------

(ख) सहेली ------------------------

(ग) ब्याह -----------------------

(घ) युद्ध ------------------------

**8. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द का कारक का भेद बताईए|** 1

(क) वह पढाई **<u>में</u>** **बहुत होंशियार था|** -------------------------

(ख) माँ **<u>ने</u>** उसे कई बार समझाया था| -----------------------

(ग) माँ **<u>को</u>** हँसी आ गई| -----------------------

(घ) उसे अलबम **<u>से</u>** चिढ़ होने लगी थी| -----------------------

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

9. **लक्ष्मी किसके साथ पढ़ती और खेलती थी?** 2

उत्तर:- ____________________

10. **डलहौजी क्यों खुश हुआ था?** 2

उत्तर:- ____________________

11. **रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान से हमें क्या सीख मिलती है?** 2

उत्तर:- ____________________

12. **'बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए?** 2

उत्तर:- ____________________

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

13. **'झाँसी की रानी' पर आधारित एक अनुच्छेद लिखिए?** 4

उत्तर:- ____________________

egyanarchive

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| **1.** | अवबोधात्मक | **उत्तर:-** (घ)उपर्युक्त सभी | 1 |
| **2.** | ज्ञानात्मक | **उत्तर:-** (ग) आकाश | 1 |
| **3.** | संज्ञानात्मक | **उत्तर:-** (क)झाँसी की रानी के लिए | 1 |
| **4.** | ज्ञानात्मक | **उत्तर:-** (क)1857 का स्वतंत्रता संग्राम | 1 |
| **5.** | बोधात्मक | **उत्तर:-** (क) चतुर, खूब | 1 |
| | | **(भाषा की बात आधारित प्रश्न)** | |
| **6.** | चिंतन पर आधारित | **उत्तर:-** स्वतंत्रता<br>**उत्तर:-** ब्रिटिश<br>**उत्तर:-** तलवार<br>**उत्तर:-** सुनसान | 1 |
| **7.** | खोजपरक | उत्तर:-औलाद<br>उत्तर:-सखी<br>उत्तर:-विवाह<br>उत्तर:-जंग | 1 |
| **8.** | ज्ञानात्मक | उत्तर:-अधिकरण करक<br>उत्तर:-कर्ता कारक<br>उत्तर:-कर्म कारक<br>उत्तर:-करण कारक | 1 |
| | | (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| **9.** | ज्ञानात्मक | उत्तर:- पाठ और विद्यार्थी के विचारों पर आधारित | 2 |
| **10.** | विचारात्मक | उत्तर:- पाठ और विद्यार्थी के विचारों पर आधारित | 2 |
| **11.** | चिंतनपरक | उत्तर:- पाठ और विद्यार्थी के विचारों पर आधारित | 2 |
| **12.** | बोधात्मक | उत्तर:- पाठ और विद्यार्थी के विचारों पर आधारित | 2 |
| | | (रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न) | |
| **13.** | सृजनात्मक और विचारात्मक | उत्तर:- विद्यार्थी के स्वविवेक पर आधारित | 4 |
| | | | |

edyanarchive